# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024

**[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स]**

10वाँ [अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY)] 21 जून 2024 को **"स्वयं और समाज के लिये योग (Yoga for Self and Society)"** थीम के साथ मनाया जा रहा है।

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2014 में संकल्प संख्या 69/131 द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया था।
  - इस दिन को घोषित करने का प्रस्ताव भारत द्वारा [संयुक्त राष्ट्र] के **69वें सत्र** में प्रस्तावित किया गया था और **175 सदस्य देशों द्वारा इसका समर्थन** किया गया था।
- **पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) वर्ष 2015 में "सद्भाव और शांति के लिये योग" थीम के साथ मनाया गया** था।
  - **नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्घाटन कार्यक्रम से दो गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बने:** पहला 35,985 प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़े योग सत्र का आयोजन और दूसरा एक ही सत्र में सबसे अधिक राष्ट्रों (84) की भागीदारी।
- [विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)] योग को एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार करने तथा [गैर-संचारी रोगों (NCDs)] को नियंत्रित करने हेतु एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में मान्यता देता है।
  - योग [सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs)] को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसमें **वर्ष 2030 तक शारीरिक निष्क्रियता में 15% सापेक्ष कमी लाना भी शामिल** है।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय ने योग को एक खेल अनुशासन के रूप में मान्यता दी है और वर्ष 2015 में इसे 'प्राथमिकता' की श्रेणी में रखा।

**और पढ़ें...**[अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-day-of-yoga-2024